कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/एफ–1ए/6डी/सेटअप परिवर्तन/2021 दिनांकःयथा हस्ताक्षर

कार्यालय आदेश

अधिशेष कार्मिकों के समायोजन के संबंध में समसंख्यक दिशा–निर्देश दिनांक 14.11.2024 के क्रम अधिशेष कार्मिकों के समायोजन की प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित नियुक्ति अधिकारी द्वारा जारी समायोजन आदेशों के संबंध में कार्मिको की परिवेदनाओं के निस्तारण हेतु निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते है:–

1. समायोजन से सम्बन्धित परिवेदना संबंधित नियुक्ति अधिकारी को दिनांक 09.12.2024 से 12.12.2024 तक उनके अधिकृत ईमेल पर प्रस्तुत की जा सकेगी।
2. परिवेदनाकर्त्ता कार्मिक द्वारा अपनी परिवेदना में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया जावे कि समायोजन आदेश में विभाग के समसंख्यक दिशा–निर्देश दिनांक 14.11.2024 व इसके क्रम में जारी अन्य निर्देशों के किस बिन्दु का उल्लंघन हुआ है।
3. परिवेदना निस्तारण हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है–

a. **जिला स्तर पर –**

क्र.सं.	पदनाम	समिति में दायित्व
1.	मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी	अध्यक्ष
2.	जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा	सदस्य
3.	जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा	सदस्य
4.	अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा	सदस्य सचिव

b. **मण्डल स्तर पर –**

क्र.सं.	पदनाम	समिति में दायित्व
1.	संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) संबधित संभाग	अध्यक्ष
2.	उप निदेशक (महात्मा गांधी प्रकोष्ठ) कार्यालय संयुक्त निदेशक–संबधित संभाग	सदस्य
3.	संभाग मुख्यालय का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी	सदस्य
4.	सहायक निदेशक, कार्यालय संयुक्त निदेशक–संबंधित संभाग	सदस्य सचिव

c. **निदेशालय से जारी आदेशों के संबंध में प्राप्त परिवेदनाओं का संबंधित संस्थापन अनुभाग द्वारा परिक्षण कर अधोहस्ताक्षरार्थ के समक्ष प्रकरणवार तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये।**
निदेशालय स्तर से जारी आदेशों के सम्बन्ध में परिवेदना Email ID- jd.personnel.dse@rajasthan.gov.in पर ही प्रेषित की जाए।

समिति द्वारा उक्त परिवेदनाओं का दिनांक 13.12.2024 तक इनका अनिवार्य रूप से निरतारण कर आवश्यक होने पर समुचित आदेश जारी किये जायेगें।

(सीताराम जाट)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि–

1- विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2- निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3- निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4- संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
5- शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
6- शासन उप सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
7- संयुक्त निदेशक (कार्मिक) कार्यालय हाजा को पालनार्थ।
8- संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) समस्त संभाग को पालनार्थ।
9- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले को पालनार्थ।
10- स्टाफ ऑफिसर, निजी अनुभाग, निदेशक महोदय, कार्यालय हाजा।
11- जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा, समस्त जिले को पालनार्थ।
12- सहायक निदेशक, संस्थापन एबी/संस्थापन सी अनुभाग, कार्यालय हाजा को पालनार्थ।
13- सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

Signature Not Verified
Digitally Signed by SITA RAM JAT
Designation : Director
Date :09-12-2024 03:47:15

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर